

बर्दवान
卐 ॥ श्री हरिः ॥ 卐
# सन्मार्ग
॥ नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः ॥
बर्दवान, सोमवार, 17 जनवरी 2022
बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक www.sanmarg.in



टीकाकरण से 'कोरोना के खिलाफ जंग' मजबूत : मोदी
पेज 9



ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाएंगे जोकोविच
पेज 10

## आसनसोल



**कोरोना :** पश्चिम बर्दवान जिला में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 857 मरीज मिले हैं।

# डीपीएस की पिआसी घोष उत्कृष्ट छात्रवृत्ति के लिए हुई चयनित



**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा पिआसी घोष को प्रतिष्ठित 'जगदीश बोस नेशनल साइंस टेलेंट सर्च' कोलकाता की जूनियर वर्ग की छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रति माह 1250 रुपये छात्रवृत्ति एवं 2500 रुपये प्रतिवर्ष बुक ग्रांट के रूप में पुरस्कृत करने हेतु चुना गया है। उक्त छात्रा को यह छात्रवृत्ति संस्था द्वारा दो वर्ष तक प्रदान की जाएगी। ध्यातव्य है कि वर्ष 2021 – 2022 की छात्रवृत्ति हेतु परीक्षा 21 नवम्बर 2021 को संपन्न हुई थी। कोरोना संक्रमण के चलते इस वर्ष ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से परीक्षा देने की सुविधा संस्था की ओर से दी गई थी। परीक्षार्थियों को छात्रवृत्ति की पात्रता हेतु कई चरणों से गुजरना था जिसमें प्रतिभागियों को लिखित परीक्षा व साक्षात्कार में अपनी योग्यता को चयन समिति के सम्मुख प्रस्तुत करना था। चयन प्रक्रिया के माध्यम से कुल 300 विद्यार्थियों का चयन किया गया। वरीयता क्रम में पिआसी ने 19वां स्थान प्राप्त कर शहर, विद्यालय व अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। पिआसी घोष की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर डीपीएस के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने छात्रा को शुभकामनाएं दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।